परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय -2, मुंबई

सामयिक परीक्षा -1 (2023-2024)

कक्षा - पाँचवी **विषय - हिन्दी** **अंक - 40**

नाम - -------------------------------- वर्ग - ----- अनुक्रमांक - ------- दिनांक - ---------

हस्ताक्षर निरीक्षक - -------------- हस्ताक्षर परीक्षक - --------------- प्राप्तांक - -------- -

----

प्रश्न -1. दिए गए अपठित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो | **(5)**

ईश्वरचंद्र विद्यासागर बंगाल के प्रसिद्ध विद्वान थे| एक दिन रेलगाड़ी से कहीं से आ रहे थे| जब वे स्टेशन पर उतरे तो उन्होंने देखा कि एक नवयुवक स्टेशन पर खड़ा था और कुली-कुली पुकार रहा था| स्टेशन छोटा था इसलिए वहाँ कोई कुली नहीं था| ईश्वरचंद्र को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि युवक के पास भारी सामान नहीं था बल्कि एक छोटा सा सूटकेस था| युवक के पास पहुँचे और बोले लाइए मैं आपका सामान उठा देता हूँ | युवक यहाँ ईश्वरचंद्र विद्यासागर से ही मिलने आया था| ईश्वरचंद्र ने धोती कुर्ता पहन रखा था इसलिए युवक उन्हें पहचान न पाया |स्टेशन से बाहर निकलने पर युवक ने उन्हें कुछ पैसे दिए मगर ईश्वरचंद्र ने नहीं लिए |युवक को लगा शायद पैसे कम हैं इसलिए यह व्यक्ति उन्हें लेने से इंकार कर रहा है| उसने अधिक पैसे देने चाहे पर ईश्वरचंद्र बोले मैंने आपका सूटकेस पैसों के लिए नहीं उठाया| मैंने तो बस आपकी सहायता की है| अगले दिन युवक ईश्वरचंद से मिलने पहुँचा तो उन्हें देखकर हैरान रह गया |उसे अपने पर बहुत शर्म आ रही थी |उसने ईश्वरचंद जी के चरणों में गिरकर क्षमा याचना की |ईश्वरचंद ने कहा बेटे प्रतिज्ञा करो कि भविष्य में अपना कार्य स्वयं करोगे|

(क) ईश्वरचंद्र कौन थे ?

(ख) अर्थ लिखो।

सहायता = ----------------------------------- **आश्चर्य** = --------------------------------------

(ग) युवक वहाँ किससे मिलने आया था ?

(घ) ईश्वरचंद्र ने युवक से क्या प्रतिज्ञा करवाई ?

(ड.) वचन बदलो |

पैसे - -------------------------------- **कुर्ता** - ----------------------------------

प्रश्न -2. निर्देशानुसार उत्तर लिखो | **(10)**

(क) चार अनाजों के नाम लिखो |

----------------- ----------------- ---------------- -----------------

(ख) नीचे दी गई भाववाचक संज्ञा की क्रिया लिखो |

चुनाव - --------------------- पड़ाव - ---------------------

(ग) नीचे दिए गए शब्दों मे से व्यक्तिवाचक संज्ञा और जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखो |

(लेह , खिचड़ी , शहर, भोजन)

व्यक्तिवाचक संज्ञा - ------------------------- -------------------------

जातिवाचक संज्ञा - -------------------------- ------------------------

(घ)खाना पकाने से संबंधित दो क्रियाएँ लिखो|

--------------------- -----------------------

(ड.) नीचे लिखे वाक्य मे से विशेषण और क्रिया छाँटकर लिखो ?

दिल्लीवाली मौसी जम्मू जाएँगी |

विशेषण - --------------------- क्रिया - --------------------------

प्रश्न - 3. (क) वाक्य बनाओ | **(5)**

.फुसफुसाना - --

. बहाव - ---

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो |

. होशियारी उसे छूकर भी नहीं गई थी |

. आज ई लोग के उठे के नईखे का ?

(ग) नीचे दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखो |

मूआयना - --------------------- सरहूल - ----------------------

प्रश्न - 4. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो | **(10)**

(क) केशव ने अकबर को संदेह भरी नज़रों से क्यों देखा ?

(ख) अक्सर तुम किन - किन तरह की बातों पर रूठते हो ?

(ग) बाहर देखने से समय का अंदाज़ क्यों नहीं हो रहा था? जिनके पास घड़ी नहीं होती वे समय का अनुमान किस तरह से लगाते हैं?

(घ) तिब्बत के मंत्री अपने बेटे के भोलेपन से चिंतित रहते थे। तुम्हारे विचार से वे किन-किन बातों के बारे में सोचकर परेशान होते थे?

(ड.) तुम्हें रामचन्द्र जी की कौन - कौन सी बातें अच्छी लगीं ?उनकी कोई दो बातें लिखो |

प्रश्न 5- अपने किसी प्रिय त्योहार के बारे मे आठ - दस वाक्यों का एक अनुच्छेद लिखो | **(5)**

प्रश्न 6 - सुलेख लिखो | **(5)**

समय हमारे जीवन की सबसे अनमोल धरोहर है।बीता हुआ समय कभी भी वापस नहीं आता है। जो व्यक्ति समय के पाबंद होते हैं वह अनुशासित भी होते हैं। समय को कोई रोक नहीं सकता ,समय अपनी गति से चलता रहता है। जो व्यक्ति समय के महत्व को समझते हैं, वह सफल होते हैं | समय से बलवान कोई नहीं होता है |